कौशलम् प्रशिक्षण आख्या 2024–25

जनपद स्तरीय प्रशिक्षण

जनपद द्विदिवसीय एम॰टी॰ प्रशिक्षण दिनांक 20–21 मई 2024 को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें जनपद के कुल 11 मास्टर ट्रेनर्स को जिला समन्वयक कौशलम्, श्रीमती रूचिना पुरी, श्री प्रदीप रंजन चमोली तथा स्टेट मास्टर ट्रेनर श्री जयदीप बिष्ट, एल॰टी॰ शिक्षक, रा॰इ॰का॰ गणेशनगर, श्री आशीष शुक्ला, प्रवक्ता, रा॰इ॰का॰ किमाणा, दानकोट द्वारा प्रशिक्षित किया गया।

इसी क्रम में दिनांक 16 अगस्त 2024 को पुनः एक वेबिनार के माध्यम से तीनों ब्लाकों के खण्ड शिक्षा अधिकारियों तथा सभी 11 मास्टर ट्रेनर्स का एक बार पुनः कौशलम् के ब्लॉक प्रशिक्षण हेतु अभिमुखीकरण किया गया। वेबिनार का शुभांरम्भ डायट प्राचार्य श्री सी॰पी॰ रतूड़ी जी द्वारा तथा संचालन श्री प्रदीप रंजन चमोली, सांख्यिकीकार, डायट द्वारा किया गया। शिक्षा अधिकारियों द्वारा बजट संबंधी कुछ जिज्ञासायें व्यक्त की गई जिनका निवारण श्री चमोली जी द्वारा किया गया।



District: RUDRAPRAYAG

SCHOOL	MT Name
GIC CHAUNRIYA	VIPIN PUROHIT
GIC PALDWARI	RAVINDRA PRASAD MAITHA
GIC PEEDA DHANPUR	SANKALP SINGH
GIC PAUNTHI	PEEYUSH SHARMA
GIC RAUNLENK	MAHENDRA SINGH
GHS JAL TALLA	UMESH CHANDRA PUROHIT
GIC KANDARA	KUSUM BHATT
GHS PALA KURALI	ASHWINI KUMAR GAUR
GIC MANI GUHA	ANUSUYA PRASAD BAHUGU
GHS BASHTI	ANKIS DIMARI
GIC PANJANA	KAPOOR SINGH RAWAT





ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण

ब्लॉक स्तर पर कौशलम् प्रशिक्षण दिनांक 22 अगस्त से 30 अगस्त तक अलग–अलग फेरों में संचालित किया गया। जिसका संचालन निम्नवत् है–

1) ब्लॉक जखोलीः– जखोली ब्लॉक के प्रतिष्ठित अ॰उ॰रा॰इ॰का॰ रामाश्रम में दिनांक 22 व 23/08/2024 को कक्षा 9–10 का तथा 24 व 25/08/2024 को कक्षा 11–12 का प्रशिक्षण सम्पन्न करवायाा गया। प्रशिक्षण में बी॰ई॰ओ॰ श्री यशवीर रावत जी, डायट से जिला कोर्डिनेटर श्रीमती रूचिना पुरी तथा मास्टर ट्रेनर्स श्री विपिन पुरोहित, श्री पीयूष नेगी, श्री कर्पूर सिंह रावत, श्री अश्विनी गौड़ तथा श्री आशीष शुक्ला जी द्वारा योगदान दिया गया। प्रशिक्षण में प्रधानाचार्यों सहित कुल 136 शिक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

2) ब्लॉक अगस्त्यमुनिः— ब्लॉक मुख्यालय में स्थित अ॰उ॰रा॰इ॰का॰ अगस्त्यमुनि के सभागार में प्रथम फेरे का प्रशिक्षण दिनांक 23 व 24/08/2024 को संचालित किया गया। जिसमें प्रथम दिवस पर खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री अतुल सेमवाल जी तथा डायट से जिला समन्वयक श्रीमती रूचिना पुरी द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर श्री जयदीप बिष्ट, श्रीमती कुसुम भट्ट तथा श्री संकल्प रावत जी द्वारा प्रधानाचार्यों सहित कुल 122 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया।

द्वितीय फेरा दिनांक 28 व 29/08/2024 को अ॰उ॰रा॰इ॰का॰ अगस्त्यमुनि में ही संचालित किया गया, जिसमें कक्षा 11—12 के कुल 73 कौशलम् प्रभारियों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया।

3) ब्लॉक ऊखीमठः– अ॰उ॰रा॰इ॰का॰ ऊखीमठ में दिनांक 27 व 28/08/2024 को प्रथम फेरा तथा 29 व 30/08/2024 को द्वितीय फेरा संपादित किया गया। मास्टर ट्रेनर श्री आशीष शुक्ला, रा॰इ॰का॰ किमाणा दानकोट, श्री रविन्द्र मैठाणी, रा॰इ॰का॰ पलद्वाड़ी, तथा श्री उमेश पुरोहित अ॰उ॰रा॰इ॰का॰ गुप्तकाशी द्वारा प्राधानाचार्यों सहित कुल 75 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के अंतिम सत्र में खंड शिक्षा अधिकारी ऊखीमठ, श्री बृजपाल सिंह राठौड जी द्वारा प्रतिभागियों को कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु निर्देश एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

खंड शिक्षा अधिकारी प्रतिभागियों को संबोधित करते हए

प्रशिक्षण सत्र के दौरान जनपद के समस्त राजकीय विद्यालयों के कक्षा 9, 10, 11 तथा 12 के कौशलम् प्रभारियों को सम्बन्धित कौशलम् पाठ्यचर्या एवं शिक्षक संदर्शिका, लीडरबोर्ड तथा छात्रों हेतु कौशलम् वर्क बुक भी उपलब्ध करवाई गई, साथ ही इस अपेक्षा के साथ कि तय समय सीमा में वे अपने–अपने विद्यालयों में कौशलम् पाठ्यचर्या का संचालन करेंगे; प्रशिक्षण 30 अगस्त 2024 को सम्पन्न हुआ।

उपरोक्त प्रशिक्षण में डायट प्राचार्य श्री सी॰पी॰ रतूड़ी जी का सतत् मार्गदर्शन, तीनों विकास खण्डों के खण्ड शिक्षाधिकारियों तथा जनपद मास्टर ट्रेनर्स सहित सभी प्रतिभागियों का अभूतपूर्व सहयोग प्राप्त हुआ।

जिला समन्वयक कौशलम्
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,
रुद्रप्रयाग (रतूडा)

1.श्रीमती रूचिना पुरी

2.श्री प्रदीप रंजन चमोली